मनमाना किराया ▶ रेल्वे स्टेशन पर नहीं है कोई सुरक्षा व्यवस्था,कुछ ऑटो चालकों की मनमानी से यात्री परेशान

# नया लुक मिला लेकिन व्यवस्था बदहाल




**नवभारत,दमोह।** केंद्र सरकार द्वारा रेल्वे स्टेशन को साफ-सुथरा और नए लुक में तब्दील किया गया है, लेकिन स्टेशन की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। यहां दूर-दूर से आने वाले यात्रियों को आए दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्टेशन परिसर में कुछ ऑटो रिक्शा चालकों की मनमानी चरम पर है। सुबह हो या शाम, दोपहर या रात, स्टेशन पर हर समय बड़ी संख्या में ऑटो खड़े देखे जा सकते हैं। आरोप है कि ये ऑटो चालक पूरे परिसर पर कब्जा कर लेते हैं और यात्रियों को जबरन परेशान कर मनमाना किराया वसूलते हैं। यात्रियों का कहना है कि शिकायत करने पर आरपीएफ और जीआरपी की ओर से बल की कमी बताते है। आरपीएफ का कहना है कि उनके पास पर्याप्त बल न होने के कारण वे मौके पर नहीं पहुंच पाते। वहीं जीआरपी में एक-दो कर्मचारियों के अलावा कोई बल नहीं है। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने मांग की है कि सरकार को इस पर विशेष फोकस करना चाहिए। स्टेशन पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं और सुरक्षा मिल सके इसके लिए पुलिस बल बढ़ाने और ऑटो के लिए निर्धारित स्टैंड बनाने जैसे विशेष प्रयास किए जाएं। फिलहाल नए स्टेशन की चमक के बीच अव्यवस्था का यह नजारा यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

## तो कौन होगा जिम्मेदार....

अगर रेल्वे स्टेशन परिसर के अंदर कोई आसामाजिक तत्व घुसकर कोई घटना को अंजाम कर दे तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा।दमोह रेल्वे स्टेशन में पहले से घटना हो चुकी है लेकिन इधर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है।जब घटनाएं हो जाती हैं तब सभी जागते हैं।यहां की व्यवस्थाएं पर सुधार होना चाहिए जिससे सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी ना जाए।

## सांसद राहुल सिंह को भी ध्यान देना चाहिए

इसमें स्थानीय सांसद राहुल सिंह को भी ध्यान देना चाहिए ।वह रेल विभाग के मंत्री, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराना चाहिए ।यह भी दमोह जन का कहना है ।जीआरपी चौकी रेलवे स्टेशन परिसर में स्थापित है,लेकिन वहां भी कोई व्यवस्था नहीं है जिससे उनको भी परेशानी झेलना पड़ती है।

## आए दिन होते रहते हैं विवाद

रेल्वे स्टेशन के बाहर और अंदर कभी-कभी विवाद होते रहते हैं जिससे यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसमें कुछ अच्छे ऑटो रिक्शा चालक भी है और कुछ गलत भी है कुछ गलत के कारण अच्छे ऑटो रिक्शा चालकों को भी परेशानी होती है। सिटी कोतवाली पुलिस संभालती है मोर्चा रेल्वे स्टेशन परिसर के बाहर,कुंडलपुर गेट से लेकर पथरिया फाटक ओवर ब्रिज के अलावा और भी जगह तैनात रह कर सिटी कोतवाली पुलिस मोर्चा संभालती है।

## इनका कहना है

अभी मैं नया आया आया हूं।एक-एक जानकारी ले रहा हूं। आपके द्वारा कुछ पॉइंट बताए गए हैं।निश्चित तौर पर व्यवस्थित व्यवस्था बनाई जाएगी।जिससे यात्रियों को परेशानी न जाए।मैं पुलिस बल के साथ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के साथ जल्द ही आपस में बैठकर इस व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बातचीत कर व्यवस्थाएं बनाता हूं।

**हरीश कुमार सारस्वत,(सब इंस्पेक्टर)**
**थाना प्रभारी आरपीएफ,दमोह रेल्वे स्टेशन**

# आज निकलेंगे जगत के नाथ महाप्रभु जगन्नाथ

▶ हजारों भक्तों ने पाया प्रसाद





**नवभारत,दमोह।** प्राचीन श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना पुरेना तालाब 15 दिनों तक बीमार रहे पंद्रह दिन बाद दर्शन देने जगन्नाथ स्वामी कल गुप्त नौ रात्रि रवि योग में निकलेंगे. भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की वार्षिक रथयात्रा के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है. कल शाम 5 बजे बजे मंदिर से भव्य रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी.यह आयोजन आस्था और समरसता का प्रतीक है. भगवान जगन्नाथ हर साल अपने मंदिर से बाहर निकलकर रथ यात्रा निकालते हैं ताकि वे अपने सभी भक्तों विशेष रूप से जो मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकते को दर्शन दे सकें और जाति-भेद के बिना सबके साथ प्रेम का आदान-प्रदान कर सकें, मुख्य रूप से यह यात्रा पौराणिक कथाओं के अनुसार अपनी बहन सुभद्रा की इच्छा पूरी करने के लिए निकाली जाती है, जिसमें वे दोनों भाइयों (जगन्नाथ और बलभद्र) के साथ अपनी मौसी के घर पर जाते हैं। रथ यात्रा एक दिन पूर्व प्रति बर्षानुसार इस बर्ष भी सुबह 11 बजे से रात्रि 11 बजे विशाल किया जाता है भंडारा भगवान जगन्नाथ के भात खो जगत पसारे हाथ ।को भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की वार्षिक रथयात्रा के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है. मंदिर परिसर में पारंपरिक मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना हुआ है और श्रद्धालुओं में रथयात्रा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है.श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर से भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहिन सुभद्रा की रथ यात्रा के पूर्व सुबह 8 बजे से विधिवत अभिषेक पूजा-अर्चना के बाद शाम 5 बजे शहर भ्रमण के लिए रवाना होगी. रथयात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना से टॉकीज चौराहा बकौली चोक हनुमान गढ़ी मंदिर घंटाघर उमा मिस्त्री तलैया महाकाली चौराहा सिटी नाल पुनः पुराना थाना में मोसी के घर पर जगन्नाथ स्वामी रुकेंगे जहां श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे.

## रथ और मंदिर परिसर को दिया गया अंतिम रूप

रथयात्रा को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं. रथ को पारंपरिक स्वरूप में सजाने के साथ उसकी तकनीकी जांच भी की गई है।श्री जगदीश स्वामी मंदिर के पुजारी पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग जी ने रथयात्रा को बताया आस्था और समरसता का प्रतीक ।जगन्नाथ सेवा समिति ने नगरवासियों, माताओं-बहनों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होने की अपील की है.समिति का कहना है कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और आस्था का प्रतीक भी है.इस अवसर पर सभी वर्गों के लोग मिलकर भगवान के रथ को खींचते हैं.धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों के बीच नगर भ्रमण पर निकलते हैं.

## एक नजर में

### रनेह की रुचि असाटी का शिक्षक वर्ग-3 में चयन




**नवभारत,दमोह।** शिक्षा विभाग में वर्ग-2 और वर्ग-3 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी क्रम में दमोह जिले के रनेह निवासी बालचंद असाटी की पुत्री रुचि असाटी का शिक्षक वर्ग-3 में चयन हुआ है।जानकारी के अनुसार रुचि पिछले 2 वर्षों से हटा स्थित एम.एल.बी. स्कूल में अतिथि शिक्षक के पद पर पदस्थ थीं। मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने इस बार चयन सूची में अपना नाम दर्ज कराया।कल चयन सूची में नाम आने के बाद से परिवार और क्षेत्र के लोगों द्वारा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी जा रही हैं।रुचि की इस सफलता पर परिजनों और शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए कहा कि उनकी मेहनत रंग लाई और अब वह नियमित शिक्षक के रूप में बच्चों को शिक्षा देने का कार्य करेंगी।



### हटा नाका चौराहे का नाम महर्षि बाल्मीक चौक करने की मांग

**नवभारत, दमोह।** मंगलवार को जनसुनवाई में बाल्मीक समाज और हिंदूवादी संगठनों के समर्थन से दमोह का बाल्मीक समाज बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। समाज के लोगों ने महर्षि बाल्मीक के जयकारे लगाते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के नाम ज्ञापन सौंपा।कलेक्टर की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि कनिष्ठ अधिकारी ने ज्ञापन स्वीकार किया। ज्ञापन देते समय एडवोकेट रामअवतार बाल्मीक ने कहा कि नगर में बाल्मीक समाज की 10 हजार से अधिक जनसंख्या है। रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीक के प्रति समाज के साथ-साथ समस्त हिंदुओं की गहरी आस्था है, लेकिन नगर में अभी तक उनका कोई तीर्थ स्थल या प्रतिष्ठित स्थान नहीं है।उन्होंने मांग की कि हटा नाका स्थित चौराहे का, जिसका अभी तक शासन या प्रशासन द्वारा कोई अधिकृत नाम नहीं दिया गया है, नामकरण महर्षि बाल्मीक चौक के रूप में किया जाए। यह चौराहा बड़ी देवी मंदिर क्षेत्र और नगर के प्रवेश द्वार पर स्थित है।प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि इस चौराहे का नाम महर्षि बाल्मीक के नाम पर रखा जाता है तो इससे नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान और मजबूत होगी। साथ ही आने वाली पीढ़ी महर्षि के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ सकेगी।



### हटा साहू समाज ने किया इंदौर महिला अध्यक्ष भावना साहू का स्वागत

**नवभारत,हटा/दमोह।** इंदौर साहू समाज की महिला अध्यक्ष व प्रख्यात अधिवक्ता भावना साहू का प्रथम बार नगर हटा आगमन होने पर साहू समाज द्वारा मां कर्मा देवी चौक (अंधियारा बगीचा) में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं व युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उनका आत्मीय स्वागत किया। जानकारी के अनुसार भावना साहू हाल ही में छिंदवाड़ा से सांसद विवेक बंटी साहू की मैहर पैदल यात्रा में शामिल हुई थीं। इसी क्रम में राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू के साथ वे पहली बार हटा पहुंचीं। उनके आगमन पर समाजजनों ने जोरदार आतिशबाजी, पुष्पवर्षा, माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा देवी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं आरती के साथ हुआ।



## गोंड समाज महासभा युवा प्रकोष्ठ की जिलास्तरीय बैठक

**नवभारत,दमोह।** प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील शाह ऐडाली ने जानकारी देते हुए बताया है कि गोंड समाज महासभा जिला कमेटी के निर्देशन में युवा प्रकोष्ठ की जिलास्तरीय महत्वपूर्ण बैठक ग्राम कल्याणपुरा में सम्पन्न हुई। इस बैठक में बटियागढ़ व पथरिया ब्लॉक की संयुक्त बैठक की शुरुवात प्रकृति शक्ति भगवान बड़ादेव की सुमरनी पाटा कर किया गया। जिला अध्यक्ष तिरु अनरत सिंह ऐडाली ने संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए सर्व सम्मति से जिला सचिव महेंद्र सिंह मरकाम ने आगामी विश्व आदिवासी दिवस मनाने के विचार रखे ।बटियागढ़ ब्लॉक से संरक्षक के पद पर भैयालाल मरावी को नियुक्त किया गया।

# हटा में आर्ट ऑफ लिविंग के नवीन केंद्र का शुभारंभ

▶ गुरु पूजन और सुदर्शन क्रिया के संदेश से भक्तिमय हुआ माहौल




**नवभारत,हटा/दमोह।** आर्ट ऑफ लिविंग के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए हटा की बैजनाथ धाम कॉलोनी स्थित नवनिर्मित आनंदम में आर्ट ऑफ लिविंग के नवीन केंद्र का शुभारंभ विधि-विधान व गुरु पूजन के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में साधक एवं श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। विधि-विधान से हुआ गुरु पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गुरु पूजन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और उपस्थित लोगों ने गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

### भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

गुरु पूजन के पश्चात भजन-सत्संग का आयोजन किया गया। गुरु महिमा से ओतप्रोत भजनों की मधुर प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर झूम उठे। पूरे परिसर में आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा। सुदर्शन क्रिया मन को स्वस्थ रखने का सशक्त माध्यम-आशीष भैया .



## मंत्री प्रहलाद पहुंचे जरारूधाम गौ-अभ्यारण

**नवभारत, दमोह.** मगरोन स्थित जरारूधाम गौअभ्यारण्य में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल (पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री, मप्र शासन) बुधवार दोपहर दमोह पहुंचे। यहां उन्होंने वर्ष 2016 से अब तक तथा एक वर्ष पूर्व रोपित पौधों का निरीक्षण किया। साथ ही आगामी वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों का भी जायजा लिया. पौधों की उत्कृष्ट वृद्धि और हरियाली देखकर अत्यंत प्रसन्नता व संतोष का अनुभव हुआ। आगामी 17 जुलाई को पूज्य दादा गुरुजी के 2,100 दिन निराहार तप पूर्ण होने के पावन अवसर पर 2,100 पौधों का वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा. इस अवसर पर नरेंद्र बजाज, गोपाल पटेल,राजवीर सिंह, श्रीमती अनीता खरे, अमर सिंह राजपूत सहित अन्य साथीगण भी उपस्थित रहे.

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का गरिमामय शुभारंभ




**नवभारत,दमोह।** प्रदेश भर के विद्यालयों में भारतीय संस्कृति और गुरु-शिष्य परंपरा को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से 15 जुलाई से 29 जुलाई तक चलने वाले गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का बुधवार को भव्य शुभारंभ हुआ। स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दमोह में आयोजित एक गरिमामय समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) सत्यम चौरसिया द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना कर इस पखवाड़े की विधिवत शुरुआत की गई. आगामी दिनों में होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं शिक्षा विभाग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार, इस पखवाड़े के तहत 29 जुलाई तक विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 16 से 27 जुलाई सान्निध्य। विद्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण व नवाचार गतिविधियों का अवलोकन। 17 जुलाई (शुक्रवार)रू कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए।

### गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत करने का प्रयास

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु का स्थान भारतीय संस्कृति में सर्वोपरि है। यह पखवाड़ा विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और नैतिक मूल्यों को सीखने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा. उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि वे इस 15 दिवसीय आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और बच्चों को शैक्षणिक के साथ-साथ सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध बनाएं। वरिष्ठ जन रहे उपस्थित इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आर पी पटेल सहित समस्त शिक्षक गण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा किया गया.

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में ली जनरल परेड




**नवभारत, दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भापुसे) के नेतृत्व में मंगलवार सुबह पुलिस लाइन दमोह में जनरल परेड का आयोजन किया गया.परेड का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड सलामी लेकर किया गया.इसके उपरांत पुलिस बल द्वारा आकर्षक व अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया ।परेड के दौरान विभिन्न टोलियों द्वारा ड्रिल व परेड अभ्यास का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को अनुशासन, समयबद्धता, शारीरिक दक्षता व टीम भावना बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

### जवानों को अनुशासन, फिटनेस व भीड़ नियंत्रण कराने का प्रशिक्षण

इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा जवानों को भीड़ नियंत्रण (क्राउड कंट्रोल) की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया गया। इस दौरान बैरिकेडिंग लगाकर कानून-व्यवस्था की स्थिति में प्रभावी भीड़ नियंत्रण,सुरक्षा घेरा बनाना तथा समन्वित कार्रवाई का अभ्यास कराया गया, जिससे जवान किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें ।पुलिस बल में आपसी समन्वय, उत्साह व टीम भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा दो टीमों का गठन कर रस्साकसी प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता में जवानों ने पूरे जोश व उत्साह के साथ भाग लिया।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों में शोक की लहर



**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह।** तेंदूखेड़ा से लगभग 35 किलोमीटर दूर ग्राम मोहड़ में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.मृतक की पहचान पुष्पेंद्र पिता पंचम लोधी,उम्र करीब 19 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पुष्पेंद्र महाविद्यालय में पढ़ाई करता था.अज्ञात कारणों के चलते उसने घर से कुछ दूरी पर आम के पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई ।घटना की सूचना पर तेंदूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## माता पिता मजदूरी करने गए बाहर, पुत्री ने लगा ली फांसी



**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह।** थाना अंतर्गत ग्राम सरस्वगली जो नगर से करीब 40 किलोमीटर दूर है। एक महाविद्यालय मे पढ़ने वाली छात्रा की फांसी से मौत का मामला सामने आया है। जानकारी लेने पता चला की 18 वर्षीय की छात्रा जो तेंदूखेड़ा के रानी दुर्गावती महाविद्यालय मे अध्यन करती थी। बुधवार करीब सुबह 5 बजे के बाद अचानक फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गयी, जब सुबह आसपास के लोगों ने छात्रा कीर्ति पिता दशरथ पाल के घर के दरवाजे बंद मिले, तो कुछ परिजन ने छात्रा को बिलाने गये तो छात्रा घर मे पंखा के कुंदे से शव लटका मिला। जिससे कोहराम मच गया.

# नशे से दूरी है ज़रूरी 2 .0 अभियान का शुभारंभ

▶ पुलिस अधीक्षक ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ, हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना



**नवभारत, दमोह।** पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार जिले में ष्नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के नेतृत्व में किया गया। यह विशेष अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवाओं व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित करना है ।अभियान के शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा समाज को नशे से मुक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प कराया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता, लोकतंत्र सेनानी उमा गुप्ता का निधन, अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**नवभारत, दमोह.** भाजपा के वरिष्ठ नेता, लोकतंत्र सेनानी व समाजसेवी उमा गुप्ता का बुधवार 15 जुलाई की सुबह निधन हो गया ।उनके निधन की खबर मिलते ही जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई। उमा गुप्ता उर्फ कैलाश भंडार के नाम से भी जाने जाते थे ।उनके निज निवास वैशाली नगर' से अंतिम यात्रा निकाली गई, जो हटा नाका पहुंची। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आमजन ने भाग लिया ।हटा नाका में अंतिम यात्रा के उपरांत सभी ने 2 मिनट का मौनधारण कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की ।उमा गुप्ता सामाजिक कार्यों और संगठन के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से भाजपा और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

कार्रवाई ▶ थैले में मिला अवैध मादक पदार्थ गांजा

# 1 किलो 618 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**नवभारत,हटा/दमोह।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हटा पुलिस ने एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 1 किलो 618 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 32 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार भदौरिया व एसडीओपी कृष्णपाल सिंह के मार्गदर्शन में जिलेभर में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 14 जुलाई को थाना हटा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पीले रंग की थैली में अवैध गांजा लेकर लालटेक क्षेत्र से हटा की ओर पैदल आ रहा है ।सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने तत्काल पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने स्वतंत्र गवाहों के साथ लालटेक पुल के समीप पहुंचकर घेराबंदी की। कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का व्यक्ति दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम देवेन्द्र पिता धनीराम काछी, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम हारट, जिला दमोह बताया। पुलिस द्वारा नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास रखी पीले रंग की थैली में चार पैकेट मिले। जांच करने पर उनमें अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया।

आरोपी से गांजा रखने संबंधी वैध दस्तावेज या अनुमति पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। मौके पर की गई तौल में बरामद गांजे का कुल वजन 1 किलो 618 ग्राम पाया गया। पुलिस ने गांजा जब्त किया.

आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है और आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी, उपनिरीक्षक शिलाश कुमार, प्रधान आरक्षक अनिल गौतम, तुलसीराम, आरक्षक संजय, पवन, अभिषेक सहित आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बताया गया कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रेल्वे ट्रेक पर दो टुकड़ों में मिला मृतक का शव



**नवभारत,पथरिया ।** विगत दिन मंगलवार को टंडन पेट्रोल पंप के पीछे रेल्वे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आए मृतक का दो हिस्सों में शरीर बट गया एक हिस्सा ट्रेक पर व दूसरा हिस्सा रेल्वे ट्रेक से दूर पाया गया उक्त घटना की जानकारी मिलते ही मौका स्थल पर रेल्वे पुलिस पहुँची एवं उन्होंने स्थानीय पुलिस को उक्त घटना की सूचना दी प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक के पेंट में केवल जर्दा का गुटखा पाया गया। शव की पहचान के लिए रेल्वे व पथरिया पुलिस द्वारा काफी प्रयास किए गए पहचान न होने के कारण स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर नगर परिषद के कर्मचारियों सहयोग से मृतक के शव को दफनाया गया।


## नाम सुधार सूचना

मैं रत्नेश सिहं ठाकुर (Ratnesh Singh Thakur) आयु 29 वर्ष पिता गनपत सिंह ठाकुर पता-ग्राम इमलिया उद्देशा भरतला, पटेरा, दमोह (म.प्र.) 470772 का स्थायी निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड एवं ड्राईविंग लायसेंस में मेरा नाम रत्नेश सिंह ठाकुर (Ratnesh Singh Thakur) दर्ज है। जबकि मेरे पेन कार्ड में मेरा नाम रत्नेश ठाकुर (Ratnesh Thakur) और मेरी अंकसूची में मेरा नाम रत्नेश सिंह (Ratnesh Singh) दर्ज है। अतः रत्नेश सिंह ठाकुर (Ratnesh Singh Thakur), रत्नेश ठाकुर (Ratnesh Thakur) रत्नेश सिंह (Ratnesh Singh) तीनों नाम मेरे यानि एक ही व्यक्ति के नाम है मुझे सभी नामों से जाना पहचाना, लिखा पढ़ा एवं समझा जाता है जो कि सत्य एवं सही है। इस हेतु शपथ पत्र एवं सूचना प्रकाशित है।

स्थान - दमोह (म.प्र.)
दिनांक-18/06/2026